शराबी उनके परिवार

और न्यायिक (अदालती) व्यवस्था

अॅल-अनॉन एवं अलॉटीन मदद कर सकते है।

अॅल-अनॉन पारिवारिक समूह

शराबियों के परिवारों व मित्रों के लिए मदद और आशा

अदालती व्यवस्था को अक्सर ऐसे मुकदमों का सामना करना पड़ता है जहाँ शराबीपन का सीधा असर परिवारों पर दिखता है। इनमें से सबसे अधिक घरेलू हिंसा के मामले होते हैं। बाकी अनेक अपराध जिनका संबंध शराबीपन से हो सकता है, जैसे कि-मारपीट, हत्या, धोखाधड़ी, बाल-शोषण, जालसाज़ी और अनेक प्रकार के वाहन संबंधी अपराध भी होते हैं।

न्यायिक व्यवस्था मदद कर सकती है, चाहे अपराध, शराबी ने किया हो या उसके परिवार के किसी सदस्य ने।

अॅल-अनॉन व अलॉटीन आपकी अदालत के लिए संसाधन बन सकते हैं।

अॅल-अनॉन शराबियों के परिवारो व मित्रों के लिए अलॉटीन एक पारस्परिक सहयोग का प्रोग्राम है। अलॉटीन जो कि अॅल-अनॉन का ही भाग है, उन प्रभावित हुए किशोर बच्चों के लिए है, जो किसी दूसरे के पीने से प्रभावित हुए हैं। अॅल-अनॉन व अलॉटीन, दोनों की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं :

- निशुल्कता
- गोपनीयता व गुमनामियत
- आध्यात्मिक (धार्मिक नही)
- गैर पेशेवर

जब शराबी अभियुक्त होता है, आप उसके परिवार की मदद कर सकते हो, यदि शराबी :

- अपनी शराब पीने को नकारता है
- उसको एलकोहोलिक्स एनॉनिमस में या फिर शराब छुड़ाने के लिए पेशेवर इलाज के लिए भेजा जाता है
- शराब पीने की वजह से व्यवहार में तेजी से बदलाव का अनुभव करना
- परिवार की स्थिति अपने शराब पीने की वजह से और भी बदतर करता है

जब कोई परिवार का सदस्य (जो शराब नहीं पीता) अभियुक्त होता है, आप अभियुक्त को अॅल-अनॉन में भेजकर उसकी मदद कर सकते हैं :

- किसी और के शराब पीने की वजह से अपने व्यवहार पर नियंत्रण खो बैठा हो
- पारिवारिक स्थिति शराबीपन की वजह से बदतर हो जाती है
- कि बच्चों का शोषण हो रहा हो या घर में शराबीपन की वजह से उनपर ध्यान नहीं दिया जा रहा हो

यदि इनमें एक या अधिक परिस्थितयाँ होती हैं तो यह सुझाव दिया जा सकता है :

- अभियुक्त (जो शराबी नहीं है) या अभियुक्त के परिवार के वयस्क सदस्य, कम से कम 6 अॅल-अनॉन मीटिंग्स में जायें, यह तय करने के लिए कि अॅल-अनॉन उनकी मदद कर सकता है या नहीं
- परिवार के बाकी छोटे सदस्य (जो शराब नहीं पीते) अलॉटीन की मीटिंग्स में जायें

"पारिवारिक परिस्थिति निश्चित ही बेहतर हो जायेगी" जब हम अॅल-अनॉन व अलॉटीन के विचारों को लागू करते है

(अॅल-अनॉन/अलॉटीन के सुझावित स्वागत संदेश से)
अॅल-अनॉन परिवार समूह मुख्यालय, Inc. (Incorporation) (निगमन)

परिवार के सदस्य, अॅल-अनॉन व अलॉटीन मीटिंग्स में भाग लेकर अपने व्यवहार व रवैयों में सुधार लाने की शुरूआत कर सकते हैं। उन लोगों के संपर्क में आकर उन्हें फायदा हो सकता है जिनकी समस्याएँ उनकी जैसी ही हैं ओर वह सीख सकते हैं कि शराबीपन ने कैसे उनके जीवन पर असर किया है।

अॅल-अनॉन पारिवारिक ग्रुप्स न्यायिक व्यवस्था के साथ इस प्रकार सहयोग देते हैं :

- स्थानीय मीटिंग्स का कार्यक्रम व साहित्य प्रदान करके
- अपने प्रोग्राम के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए आपसे मिलना
- आपके स्टॉफ के लिये सूचनात्मक मीटिंग्स या वर्कशॉप का संचालन करके
- अपनी ''खुली'' मीटिंग्स में आपको आमंत्रित करना

अॅल-अनॉन/अलॉटीन से संपर्क करने के लिए व अधिक जानकारी के लिए कॉल करें–

For meeting information call:

G.S.O. (General Service Office) Al-Anon
409, Sector-A, Pocket-C, Vasant Kunj,
New Delhi-110070, India
Website : www.al-anonalateenindia.org
E-mail: gso.alanon.admn@gmail.com

© Al-Anon Family Group Headquarters, Inc., 2001

Al-Anon/Alateen is supported by members' voluntary contributions.

08-01 S-65ES Printed in India